5

Title: Re: Development of Regional Rapid Transit System (RRTS) for Bulandshahar.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। मेरा क्षेत्र बुलंदशहर दिल्ली, एनसीआर का हिस्सा है, लेकिन इसकी यातायात की सुविधायें बहुत कम हैं। मैं आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जैसा आपके शहर मेरठ के लिए दिल्ली से आरआरटीएस बनाया है, वैसा ही बुलंदशहर के लिए बनाया जाए, ताकि बुलंदशहर वासियों को आने-जाने में सुविधा मिले और क्षेत्र का विकास हो।